**फाइल सं. 12015/11/2025/रा.भा. (तक.)**
**भारत सरकार**
**गृह मंत्रालय**
**राजभाषा विभाग**

चौथा तल, एन.डी.सी.सी. II भवन,
जयसिंह रोड, नई दिल्ली-01,
दिनांक 22 दिसंबर 2025

कार्यालय ज्ञापन

**विषय - हिंदी शब्द सिंधु (हिंदी से हिंदी बृहत हिंदी शब्द कोश) निर्माण परियोजना के अंतर्गत अल्पकालिक संविदा पर 4 परामर्शदाताओं (Consultants) की आवश्यकता**

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा विकसित ऑनलाइन शब्दकोश हिंदी शब्द सिंधु के लिए 4 अनुभवी और योग्य परामर्शदाताओं की सेवाएं आमंत्रित की जाती हैं।

परामर्शदाताओं का मुख्य कार्य शब्दकोश "हिंदी शब्द सिंधु" की प्रविष्टियों का पुनरीक्षण/गुणवत्ता जाँच होगा। इसके अंतर्गत भारत के किसी भी विश्वविद्यालय से सेवानिवृत्त प्रोफेसर/सहायक प्रोफेसर अथवा भारत सरकार के कार्यालयों से न्यूनतम सहायक निदेशक (Assistant Director) स्तर से सेवानिवृत्त ऐसे व्यक्ति पात्र होंगे जिनके पास निम्नानुसार शैक्षिक अर्हता एवं अनुभव हो-

**परामर्शदाताओं के लिए अपेक्षित योग्यताएं और कौशल**

**शैक्षिक अर्हता** –

- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से हिंदी या अंग्रेज़ी में स्नातकोत्तर डिग्री, जिसमें दूसरी भाषा अनिवार्य या वैकल्पिक विषय या परीक्षा का माध्यम रही हो।
- हिंदी, अंग्रेज़ी, अनुवाद अध्ययन अथवा कोश निर्माण (lexicographical studies) में स्नातकोत्तर (Post Graduation)। हिंदी कोशों तथा कोश निर्माण प्रक्रिया का अच्छा ज्ञान आवश्यक है)

**अनुभव** –

केंद्र या राज्य सरकार, स्वायत्त निकाय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, विश्वविद्यालयों या शैक्षणिक संस्थानों में तकनीकी या वैज्ञानिक साहित्य का हिंदी-अंग्रेज़ी अनुवाद या टर्मिनोलॉजी कार्य का 5 वर्षों का अनुभव।

**अथवा**

हिंदी और अंग्रेज़ी में शिक्षण या अनुसंधान का 5 वर्षों का अनुभव अथवा ऐसे सेवानिवृत्त अधिकारी, जिनके पास प्रशासनिक/विधिक कार्य के पुनरीक्षण का व्यावहारिक अनुभव अथवा शब्दकोश पर कार्य करने का अनुभव हो।

**अन्य अपेक्षाएं:** ऑनलाइन कार्य करने में सक्षम

- प्रतिदिन न्यूनतम 100 शब्दों, से जुड़े डेटा का परीक्षण (Vetting)

- गुणवत्ता की सघन जांच (Quality Check)
- भुगतान माइलस्टोन आधारित
- साप्ताहिक निगरानी और फीडबैक

**कार्य की अवधिः**
प्रारंभ में छह माह के लिए

**पारिश्रमिक और सलाहकार की नियुक्ति की शर्तों** को व्यय विभाग के दिनांक 09.12.2020 के कार्यालय ज्ञापन F.No.3-25/2020 E.IIIAके अनुसार विनियमित किया जाएगा।

यह अवसर हिंदी भाषा के समृद्धिकरण में सहभागी बनने का है। इच्छुक एवं पात्र विशेषज्ञ संलग्न प्रपत्र में अपने शीघ्र आवेदन करें। आवेदन पत्र स्वीकार करने की अंतिम तिथि परिपत्र को जारी करने की तारीख से 30 दिन है। आवेदन support-shabdkosh@gov.in पर भेजे जा सकते हैं।

राधा 22/12/25

**(राधा कत्याल नारंग)**
**निदेशक (तकनीकी)**